फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

अमीचन्द बनाम एस डी ओ कोटपूतली व अन्य

केस संख्या 129/2021 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

ांक आज्ञा कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
2.09.2021	दरख्वास्तगुजार ने उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 46/2021 व प्रार्थना पत्र संख्या 42/2021 व उनवानी अमीचन्द व अन्य बनाम हजारी लाल व अन्य में पीठासीन अधिकारी से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने का अनुरोध किया है। उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली से बिन्दूवार टिप्पणी तलब हो। प्रकरण दर्ज रजिस्टर हो। नोटिस विपक्षीगण के रजिस्टर्ड जारी हो। पत्रावली दिनांक 21.09.2021 को पेश हो। जिला कलक्टर जयपुर	
21.09.2021	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित है। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली की पीठासीन अधिकारी श्रीमती सुनीता मीणा का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। प्रार्थी के सुयोग्य अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली की पीठासीन अधिकारी श्रीमती सुनीता मीणा का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से उनके विरूद्व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। (अन्तर सिंह नेहरा)	